रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 19, 1966 (माघ 30, 1887)

No. 8] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 19, 1966 (MAGHA 30, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 7 फरवरी 1966 तक प्रकाशित किये गये थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 7th February 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
27	No. 23-ITC(PN)/66, dated 31st Jan. 1966.	Ministry of Commerce.	E.P. Scheme for Ship repairing Revision of.
28	No. 15/4/61/EI, dated 1st Feb. 1966.	Do.	Amendment in the order No. 1/65, dated 10th Sept. 1965.
29	No. 3/4/66-Pub II, dated 1st Feb. 1966.	Ministry of Home Affairs	A short profile of Dr. Home Jehangir Bhaba, Chairman of the Indian Atomic Energy Commission.
30	No. 24-ITC(PN)/66, dated 7th Feb. 1966.	Ministry of Commerce.	Import of Dates S.No. 21(b)/N from Saudi Arabia, Muscat and other Persian Gulf Ports, excluding Iran and Iraq, during October 1965—Sept. 1966 on annual basis.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

(CONTENTS)

	पृष्ठ (Pages)
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	139
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	155
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	101
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—

	पृष्ठ (Pages)
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	283
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	441
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	35
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ-लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..	123
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	61
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	23
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं ..	125
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	35
पूरक सं० 8—	
12 फरवरी 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	251
22 जनवरी 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े ..	263

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	139
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	155
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	101
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	283
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	441
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	33
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	123
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	61
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	23
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	125
PART IV—Advertisement and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	35
SUPPLEMENT No. 8—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 12th February 1966	251
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 22nd January 1966	263

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली दिनांक 26 जनवरी 1966

सं० 18-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित अति असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "प्रथम श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

लेफ्टिनेन्ट जनरल मोती सागर (आई० सी०-25) ।

मेजर जनरल अमरीक सिंह एम० सी० (आई० सी०-133) ।

मेजर जनरल राजिन्दर नाथ बख्शा (आई० सी०-446) ।

रियर एडमिरल बैंजामिन अब्राहम सेमसन ।

रियर एडमिरल सरदारीलाल मथरादास नन्दा ।

ब्रिगेडियर इरवर्थ जार्ज जैनकिन्स एम० सी० (आई० सी०-389) ।

ब्रिगेडियर जोरा सिंह (आई० सी०-3287) ।

ब्रिगेडियर ओंकार सिंह कलकट (आई० सी०-810) ।

एयर कमोडोर कृष्ण महेश अग्रवाल (1648), जी० डी० (एन) ।

सं० 19-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल "द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

कमोडोर जार्ज डगलस डी० एफ० सी० ।

एयर कमोडोर केकी नादिरशाह गोकल (1764) । जी० डी० (पी) ।

एयर कमोडोर विक्टर श्रीहरि (1624) जी० डी० (पी०) ।

ग्रुप कप्तान बाल भगवान मराठे (1915) । जी० डी० (पी०) ।

ग्रुप कप्तान त्रिलोक नाथ घडियोक, वीर चक्र (2354) जी० डी० (पी०) ।

ग्रुप कप्तान सुरिन्दर सिंह (3009) । जी० डी० (पी०) ।

ग्रुप कप्तान डेविड यूजेन बुच (2664), जी० डी० (पी०) ।

लेफ्टिनेन्ट इन्दरजीत शर्मा, आई० एन० ।

सं० 20-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित उच्च कोटि की विशेष सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको विशिष्ट सेवा मेडल, 'तृतीय श्रेणी', प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

एक्टिंग कमाण्डर प्रवीन याज्ञनिक आई० एन० ।

एक्टिंग कमाण्डर गंडम आर्शीवादम आई० एन० ।

मेजर प्रेम नरायन केकर (आई० सी०-7041) गोरखा राइफल्स ।

मेजर मेहर सिंह ग्रेवाल (आई० सी०-777) आर्मी सर्विस कोर ।

मेजर सुभाष चन्द्र सरकार (एम० आर० 925) आर्मी मेडीकल कोर ।

स्क्वाड्रन लीडर इन्द्रकान्ती गोपाल कृष्ण (398), तकनीकी इंजीनियरिंग ।

स्क्वाड्रन लीडर नोरी सीताराम शास्त्री (5540), तकनीकी इंजीनियरिंग ।

स्क्वाड्रन लीडर देवकी नन्दन शर्मा (3913), तकनीकी आर्मामेंट ।

स्क्वाड्रन लीडर निवर्थी चित्तरंजन (5433), तकनीकी इंजीनियरिंग ।

स्क्वाड्रन लीडर तिन्नम नारायण वेंकटारमण (5133), तकनीकी इंजीनियरिंग ।

स्क्वाड्रन लीडर जगदीश मित्तर कौशल (5846), तकनीकी इलैक्ट्रीकल ।

स्क्वाड्रन लीडर जान अलवर्ट रतनम बलराज (4575), जी० डी० (पी०) ।

स्क्वाड्रन लीडर इकबाल सिंह (5361), तकनीकी इंजीनियरिंग ।

लेफ्टिनेन्ट अरविन्द रामचन्द्र दभीर, आई० एन० ।

लेफ्टिनेन्ट नरायणन वैद्यानाथन, आई० एन० ।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट कुंवर योगेन्द्र सिंह (5514), प्रशासनिक तथा विशेष ड्यूटीज ।

300098 सार्जेंट ओम प्रकाश मिधा, फिट्टर 2, एयरफ्रेम ।

जे सी-21432 नायब सूबेदार धन बहादुर थापा, गोरखा राइफल्स ।

46409 मास्टर वारंट आफिसर जान एन्थोनी जार्ज, म्यूजिशियन ।

सं० 21-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 सैकेण्ड लेफ्टिनेन्ट शिवराम सिंह थापा (ई०सी०-54419), 2री, बटालियन, गढ़वाल राईफल्स ।

21-22 नवम्बर, 1964 की रात्रि को सेकेण्ड लेफ्टिनेन्ट शिवराम सिंह थापा को, जो जम्मू एवं काश्मीर क्षेत्र में एक पिकेट की कमान कर रहे थे, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों की सूचना मिली । घुसपैठियों से मुकाबले के लिये वह तुरन्त एक टोह टुकड़ी लेकर चल पड़े । जैसे ही टोह टुकड़ी उस क्षेत्र के पास पहुंची उस पर हल्की मशीन गन तथा राईफलों से गोलीबारी होने लगी । उन्होंने तुरन्त अपनी टुकड़ी को स्थिति लेने का आदेश दिया तथा अपने दल के पांच जवानों के साथ आगे बढ़े । घुसपैठियों की नजदीक से की जा रही लगातार तथा सही गोलीबारी के बावजूद सेकेण्ड लेफ्टिनेन्ट थापा अपनी जान पर खतरा उठा कर अपने दो जवानों के साथ रेंगते हुए एक पाकिस्तानी हल्की मशीन गन चौकी की ओर बढ़े और हथगोले फेंक कर उसे निष्प्रभाव कर दिया । इसी बीच पास की एक पाकिस्तानी पिकेट ने दो ग्राउंनिंग मशीन गनों से उनकी टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी । अनेकों घुसपैठियों को मार कर सेकेण्ड लेफ्टिनेन्ट थापा सफलता-पूर्वक अपनी टुकड़ी के साथ गोलियों की बौछार में से होते

हुए वापिस आ गये तथा उनका कोई भी जवान नहीं मारा गया। इस कार्यवाही से उस क्षेत्र में घुसपैठियों की कार्यविधि को दुर्बल कर दिया।

सेकेण्ड लेफ्टिनेन्ट शिवराम सिंह थापा ने साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल था।

2 जे० सी० 5918 सूबेदार शंकर शिन्दे, 22वीं बटालियन, मराठा लाईट इन्फैन्ट्री।

3-4 जुलाई 1964 की रात्रि को सूबेदार शंकर शिन्दे को, जो 7 ओ० आर० की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे, आदेश हुआ कि वह जम्मू एवं कश्मीर में तारकुंडी क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा बनाई एक चौकी पर आक्रमण करें। जैसे ही टुकड़ी चौकी के पास पहुंची, घुसपैठियों ने मशीन गन से भारी गोलाबारी आरम्भ कर दी। शत्रु की गोलाबारी की परवाह न कर सूबेदार शिन्दे टुकड़ी के साथ चौकी के पास खाईयों में पहुंच गये तथा शत्रु की स्थिति पर हथगोले फेंके जिससे 2 घुसपैठिये मारे गये तथा अन्य भाग गये। सूबेदार शिन्दे ने एक .38 पिस्तौल अपने कब्जे में कर ली तथा टुकड़ी को सुरक्षित वापस ले आए।

एक दूसरे अवसर पर जब उन्होंने एक क्षेत्र में जिसमें पाकिस्तानी गश्ती दल तथा सशस्त्र रजाकारों का होना बताया जाता था, धावा बोला और एक रजाकार को मार कर एक राइफल अपने कब्जे में कर ली।

इन दोनों अवसरों पर सूबेदार शंकर शिन्दे ने उच्चस्तर के साहस, कर्तव्यपरायणता तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो कि भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल है।

3 जे० सी० –6028 सूबेदार प्रीतम सिंह, 5वीं बटालियन, सिख लाईट इन्फेन्ट्री।

31-मार्च-1 अप्रल 1965 की रात्रि को 2 ओ आर के साथ सूबेदार प्रीतम सिंह को जम्मू एंव कश्मीर में युद्ध विराम रेखा के पास एक स्थान पर टोह के लिये भेजा गया। टुकड़ी का उद्देश्य एक छोटी पहाड़ी थी। लक्षित स्थान पर पहुंच कर सूबेदार प्रीतम सिंह ने दोनों ओ आर को बायें तथा बायें पार्श्व में तैनात कर स्वयं रेंगते हुए आगे लक्ष्य तक पहुंचे। लगभग 11.15 बजे रात्रि उन्होंने लगभग 15 पाकिस्तानी घुसपैठियों को उसी पहाड़ी पर चढ़ते देखा। यद्यपि संख्या अत्यधिक थी किन्तु फिर भी उन्होंने शत्रु की टोह टुकड़ी से लड़ने का निश्चय किया। उन्होंने शत्रु के अग्रिम स्काउट को जब वह उनसे पांच गज की दूरी पर आ गया तो स्टेन गन से मार गिराया। इसके पश्चात् उन्होंने दूसरे स्काउट पर धावा बोला तथा टोह के अन्य सदस्यों पर हथगोले फैंके तथा अनेकों को या तो घायल कर दिया या मार गिराया। पाकिस्तानी टोह टुकड़ी ने तुरन्त स्थिति ले ली तथा दो हल्की मशीन गनों, राइफलों और स्टेन गनों से गोलीबारी आरम्भ कर दी। लगभग उसी समय 4 अन्य पाकिस्तानी मझौली मशीन गनों ने भी भारी गोलीबारी आरम्भ कर दी। सूबेदार प्रीतम सिंह निर्भय आगे बढ़े तथा पाकिस्तानी टुकड़ी के पास पहुंचे और एक स्काउट से एक कारबाईन मशीन स्टेन अपने कब्जे में कर ली। इस समय तक दो ओ आर भी उनके पास आ गये।

इस कार्यवाही में सूबेदार प्रीतम सिंह ने उदाहरणीय साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो कि भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

4 3344754 नायक हरनेक सिंह, सिख रेजिमेन्ट

2–3 जनवरी 1965 की रात्रि को जब राईफलों से लैस पाकिस्तानी घुसपैठियों ने जम्मू एवं काश्मीर में हमारी एक चौकी पर कब्जा करने तथा वहां की जनता के घरों को लूटने की नीयत से भारतीय भूमि में घुस कर गोलाबारी की तो नायक हरनेक सिंह घात में बैठ गया। जब घुसपैठिये उनके करीब आगये तो नायक हरनेक सिंह तथा उनके साथियों ने उन पर गोली चलाना आरम्भ कर दिया। मुठभेड़ में जो उसके बाद हुई उन्होंने एक गन, एक सैवर हथिया लिया तथा 6 घुसपैठियों को मार गिराया जिनमें उनका लीडर एक कुख्यात रजाकार भी था।

इस कार्यवाही में नायक हरनेक सिंह ने विशिष्ट साहस, धैर्य तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो कि भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल हैं।

5 नं० 4141092 नायक प्रेम सिंह, कुमाऊं रेजिमेंट।

नायक प्रेम सिंह उस टोह टुकड़ी के सदस्य थे जिसे 21–22 फरवरी, 1965 को उन पाकिस्तानी घुसपैठियों को रोकने के लिये भेजा गया था तो जम्मू एवं काश्मीर में युद्ध-विराम रेखा पार कर के आ गये थे। एक पाकिस्तानी टुकड़ी आ चुकी थी तथा उसने लगभग 100 गज की दूरी से गोली चलाना आरम्भ कर दिया। उसके बाद दूसरे दल ने 50 गज की दूरी से पार्श्व से गोली चलाना आरम्भ कर दिया। नायक प्रेम सिंह ने एक सिपाही के साथ शत्रु पर हमला किया। उन्होंने उनमें से एक को मार गिराया तथा अन्य पाकिस्तानी पहले दल के साथ भाग खड़े हुए। इस मुठभेड़ में उन्होंने एक राइफल कब्जे में कर ली।

इस कार्यवाही में नायक प्रेम सिंह ने उच्च कोटि के साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुकूल है।

सं० 22– प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य परायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "वायु सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 विंग कमाण्डर दिलबाग सिंह (2998), जनरल ड्यूटीज (पायलट)

विंग कमाण्डर दिलबाग सिंह ने मार्च 1963 में एम आई जी-21 लड़ाकू स्क्वाड्रन के बनने पर उसकी कमान संभाली तथा नये यूनिट की कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बहुत थोड़े समय में यनिट को संक्रिया के लिये तैयार कर दिया। स्क्वाड्रन की ट्रेनिंग के साथ साथ उन्हें नये पायलटों की ट्रेनिंग का कार्य करना पड़ा। विंग कमाण्डर दिलबाग सिंह ने 4400 घण्टे की दुर्घटना रहित उड़ानें एक इंजन वाले वायुयानों पर कीं जिसमें 1000 घण्टे की जेट फाइटर की उड़ानें हैं जो एक श्रेयस्कर सफलता है।

अपनी विशिष्ट बुद्धि, तथा उत्साह से विंग कमाण्डर दिलबाग सिंह ने अपने यूनिट को अफसरों तथा एअरमैनों की एक संगठित टीम में परिवर्तित कर दिया।

विंग कमाण्डर दिलबाग सिंह ने प्रशंसनीय व्यावसायिक कुशलता तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया जो कि भारतीय वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है।

2 स्क्वाड्रन लीडर सत्येन्द्र पाल त्यागी (4757), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाइयों के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर सत्येन्द्र पाल त्यागी एक सामरिक (आपरेशनल)–स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर थे। उन्होंने राजस्थान सिंघ क्षेत्र में ग्यारह बार सामरिक-उड़ानें कीं, जिनमें से छः उड़ानें काफी नीची और शत्रु के जमाव वाले स्थानों के ऊपर सामरिक मिशनों से की गई थीं। इन सामरिक मिशनों को पूरा करते समय, उन्होंने विमान की उड़ान परिधि की चरम सीमा तक काम किया और प्रायः हर बार उन्हें शत्रु की विमानभेदी तोपों और हल्की मशीनगनों की गोलाबारी का सामना करना पड़ा। एक बार उनका विमान शत्रु के विमान-

भेदी फायर का निशाना बन गया, फिर भी उन्होंने खूबी से अपना काम पूरा किया। उन्होंने रात को कठिन परिस्थितियों में अपने बेस पर समाघात-हवाई गश्त-उड़ानें भी कीं। स्क्वाड्रन लीडर सत्येन्द्र त्यागी ने सराहनीय उड़ान-कुशलता और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

3. स्क्वाड्रन लीडर रणजीत धवन (4572), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाइयों के दौरान, स्क्वाड्रन लीडर रणजीत धवन एक सक्रिय स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमाण्डर थे। उनके स्टेशन पर खड़े हुए 25 नेट विमानों की जिम्मेवारी भी उन पर थी। और उन्हें इंजीनियरी और संक्रियात्मक कार्मिकों के बीच जरूरी तालमेल भी करना था। उन्होंने नेट विमान में कुल मिलाकर 44 संक्रिया-मिशन पूरे किए। इसके अतिरिक्त उन्हें अपने कमान के सभी विमानों की हवाई-उड़ानों की योजना बनानी थी और उनमें तालमेल रखना था। उनके नेतृत्व और योजना के ही कारण अच्छा काम करने वाले पाकिस्तानी विमानों के मुकाबिले हमारे नेट विमान ज्यादा शानदार काम कर सके। यद्यपि उन्होंने स्वयं तो शत्रु का कोई विमान नहीं गिराया लेकिन दूसरे संक्रिया-पायलटों ने उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में सफलताएं प्राप्त कीं। उनके हंसमुख स्वभाव ने तथा आकाश में शत्रु के विमानों को शिकार बनाने के उत्साह और लगन ने दूसरे पायलटों और भू-कर्मियों में भी कार्रवाइयों के दौरान अच्छे से अच्छा काम कर दिखाने की उमंग भर दी।

4. फ्लाइट लेफ्टीनेंट श्रीकृष्ण विष्णु फाटक (6358), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

पहली सितम्बर, 1965 को फ्लाइट लैफ्टीनेंट श्रीकृष्ण विष्णु फाटक चार विमानों की एक विरचना के विंगमैन थे। जब यह विरचना छम्ब में शत्रु के इलाके में प्रवेश कर रही थी, उन्हें शत्रु के कई विमान दिखाई दिए। उन्होंने उन विमानों की स्थिति की सूचना दी और स्वयं लीडर के पिछले भाग की रक्षा करने के लिए अपनी विरचना में डटे रहे। विरचना को आदेश दिया गया कि वह शत्रु को चकमा देने की कार्रवाई करे और ठीक सीधे हाथ को मुड़ जाये। मुड़ते समय, उनके विमान में शत्रु की गोली लग गई और विमान पर उनका पूरा नियंत्रण न रहा। फिर भी, वह विमान में डटे रहे। लगातार उसे नियन्त्रित करने का प्रयत्न करते रहे, परन्तु कुछ समय बाद उन्होंने देखा कि उनका विमान आग की लपटों से घिर गया है और आग बड़ी तेजी से फैल रही है। ऐसी परिस्थिति में भी उन्होंने साहस नहीं छोड़ा। उन्होंने कोशिश की कि अपने विमान को कम ऊंचाई से उड़ा कर ज्यादा ऊंचाई पर ले जाएं। जब वह ऐसा नहीं कर पाए तो उन्हें विवश हो कर अपना जलता हुआ विमान छोड़ना पड़ा।

भूमि पर उतरने के तुरन्त बाद, उन्होंने देखा कि उनके आसपास कुछ सैनिक हैं और क्योंकि उन्हें यह मालूम नहीं था कि वे कहां उतरे हैं, उनसे बच निकले किन्तु सशस्त्र सैनिकों का एक दल उन पर हावी हो गया और उन पर संगीनों से हमला किया एक संगीन तो उनके फेफड़ों में धंसने से बाल-बाल बची।

इस पूरी मुठभेड़ के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट श्रीकृष्ण विष्णु फाटक ने बहुत उच्च कोटि का विवेक, व्यवसायिक कुशलता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

5. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट किझानाथन रामबदरन राजगोपालन (4875), जनरल ड्यूटीज (पायलट)।

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट किझानाथन रामबदरन राजगोपालन 1961 में जम्मू-कश्मीर में एक ट्रान्सपोर्ट स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे हैं। इसके पहले वह नागा पहाड़ियों तथा नेफा क्षेत्र में संक्रिया उड़ान में रहे।

अपने थोड़े सेवा काल में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट राजगोपालन ने 4000 घंटों की उड़ान की जिसमें 1300 घंटे की संक्रिया उड़ाने सम्मिलित हैं। उनका संक्रियात्मक उड़ान अनुभव स्क्वाड्रन के लिये बड़ा लाभकारी रहा है तथा उन्होंने अनेक अवसरों पर स्वेच्छा से लद्दाख में अग्रिम क्षेत्र के एकाकी स्थानों पर सामान गिराने की कठिन उड़ानें कीं। अपनी संक्रिया क्षेत्रों की उड़ानों में उन्होंने सराहनीय व्यवसायिक कुशलता का परिचय दिया जो स्क्वाड्रन के अन्य सदस्यों के लिये भारतीय वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप उत्साह का साधन रही।

6. फ्लाइट अफसर नरिन्द्र सिंह साहनी (6492), जनरल ड्यूटीज (नेवीगेटर)।

फ्लाइंग अफसर नरिन्द्र सिंह साहनी जम्मू एवं कश्मीर में 1962 से एक ट्रान्सपोर्ट स्क्वाड्रन में नेवीगेटर का कार्य कर रहे हैं। थोड़ी सर्विस होने के बावजूद अपने उत्साह के कारण उन्होंने लद्दाख में अग्रिम क्षेत्र के एकाकी स्थानों पर महत्वपूर्ण मिशनों के लिए 1100 घंटों की संक्रियात्मक उड़ानें कीं। वह सदैव प्रसन्नता से कठिन उड़ानों के लिए तत्पर रहे तथा इन उड़ानों की सफलता उनके क्षेत्रों के निजी ज्ञान के कारण रही। खराब मौसम तथा मौसम के हालात के अज्ञात होने पर भी उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करके संक्रियात्मक उड़ानें कीं जो कि उनके साथियों के लिए प्रेरणा का साधन बनीं।

फ्लाइंग अफसर नरिन्द्र सिंह साहनी ने व्यवसायिक कुशलता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो कि भारतीय वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप हैं।

7. पायलट अफसर सुब्रामणिया शंकरन (7127), टैक्निकल /आर्मामेन्ट।

पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाइयों के दौरान, पायलट अफसर सुब्रामणिया शंकरन को छुट्टी से वापिस बुला कर, अग्रिम विंग पर भेज दिया गया। उन्हें आदेश दिया गया कि वह अपने अड्डे के डेली सर्विसिंग सेक्शन की जिम्मेवारी संभालें। इस अड्डे पर उनकी अपनी स्क्वाड्रन के ही विमान नहीं थे, बल्कि दूसरी यूनिटों के विमान भी थे। प्रातः 4-30 बजे ही पहला सशस्त्र गश्ती दल विमान में सवार हो जाता था। तब से चौबीसों घंटें विमानों की जरूरत रहती थी। हालांकि वे स्वयं तो आर्मामेन्ट अफसर ही थे, लेकिन उन्होंने अपने काम की जानकारी को ही काफी न समझ कर दूसरी दस्तकारियों की भी काम-चलाने लायक जानकारी प्राप्त की। बहुत थोड़े समय में वह इतने अनुभवी बन गए कि डेली सर्विसिंग सेक्शन को बड़ी कुशलता से चला सके और उसके कार्यों में इस तरह तालमेल बैठाया कि दूसरे अगले मोर्चों की टुकड़ियों की मांगें भी वह पूरी कर सके। कई बार तो उन्हें दिन में 17 घंटे तक काम करना पड़ा। कई कई दिनों तक, पायलट अफसर सुब्रामणिया शंकरन ने डेली सर्विसिंग सेक्शन के अहाते से बाहर नहीं जा सके।

अपने काम को पूरा करने में, पायलट अफसर सुब्रामणिया शंकरन ने सराहनीय कर्तव्य-निष्ठा, महान कुशलता और अच्छे नेतृत्व का परिचय दिया। अनेक बाधाओं और कठिन परिस्थितियों में काम करके, उन्होंने अपने आसपास से सभी व्यक्तियों के लिए एक प्रेरणादायक आदर्श प्रस्तुत किया।

8. 48217 मास्टर सिगनलर (एयर) श्री राम बोहरा।

मास्टर सिगनलर श्री राम बोहरा जम्मू एवं कश्मीर में संक्रिया में लगे हुए एक ट्रान्सपोर्ट स्क्वाड्रन में वलिष्ठ एयर सिगनलर की हैसियत से कार्य करते रहे हैं। यह उनका दूसरा कार्यभार है। इसके पहले भी उन्होंने इस क्षेत्र तथा नेफा में संक्रियात्मक कार्य किया है। पहले की एक उड़ान में वह जम्मू एवं कश्मीर में एक उड़ान दुर्घटना में फंस गए थे। दुर्घटना के होने के बावजूद वह स्क्वाड्रन को दिए गए मिशनों में प्रसन्नता से अपने को कठिन भूभाग तथा प्रतिकूल मौसम में उड़ने के लिए अर्पित किया। 22 महीने के दौरान में

उन्होंने 1000 घंटों की संक्रियात्मक उड़ानें कीं। मास्टर सिगनलर वोहरा स्वयं को उड़ाने के लिए अर्पित करते जबकि दूसरे सिगनलर उपलब्ध नहीं होते थे और इस प्रकार अपने उदाहरण से उन्होंने अपने साथियों में विश्वास उत्पन्न किया।

मास्टर सिगनलर श्री राम वोहरा ने कर्तव्यपरायणता तथा व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया जो कि भारतीय वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है।

9. 21034 (सिगनलर-1) वेद कुमार शर्मा।

सिगनलर वेद कुमार शर्मा जम्मू तथा कश्मीर में 1961 से एक ट्रान्सपोर्ट स्क्वाड्रन में कार्य कर रहे हैं तथा उन्होंने 2500 घंटों की उड़ानें की हैं जिसमें 1800 घंटे की संक्रियात्मक उड़ानें हैं। अपनी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना सिगनलर शर्मा ने लद्दाख में एकाकी स्थानों पर सामान पहुंचाने की करीब प्रत्येक कठिन उड़ान के लिए अपने को अर्पित किया। उन्होंने एक दिन में 10 घंटे तक की उड़ान की तथा सदैव प्रसन्न दिखाई पड़े। इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों में विश्वास उत्पन्न किया।

सिगनलर वेद कुमार शर्मा ने सराहनीय कर्तव्यपरायणता तथा व्यवसायिक कुशलता का परिचय दिया जो कि भारतीय वायु सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है।

सं० 23-प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के उपलक्ष्य में उनको "नौ सेना मेडल" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. कमाण्डर चेरुवस्सेरी वारिजाक्षन् नेदुंगडी।

22 जुलाई, 1965 को, कमाण्डर चेरुवस्सेरी वारिजाक्षन् नेदुंगडी को, जो भारतीय नौसेना के 'धरिणी' नामक जहाज़ की कमान कर रहे थे, यह आदेश हुआ कि वह ग्रीक जहाज़ एस०एस० 'मारिविकी' के कर्मियों को बचाए, जो गोआ से लगभग 20 मील दूर तूफानी समुन्द्र में टूट गया था। 'धरिणी' पहले मालवाही जहाज़ था, इस लिए उसकी शक्ति बहुत कम और अधिक से अधिक रफ्तार 8 समुंद्री मील (नाट) है। उस समय मौसम तूफानी था, समुन्द्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रहीं थी और लगातार वर्षा के कारण दिखाई भी बहुत कम पड़ता था। कमाण्डर नेदुंगडी ने अपने जहाज़ का बड़े साहस तथा कुशलता से संचालन किया और वह फंसे हुए कर्मियों को बचाने के लिए अपना जहाज़ 'मारिविकी' के पास तक ले गए, हालांकि इसमें खुद 'धारिणी' के टूट जाने का भारी खतरा था। समुन्द्र तूफ़ानी था और नावों को धुआंधार वर्षा, तेज़ हवा और ऊंची-ऊंची लहरों के थपेड़े सहते हुए जाना पड़ता था। फिर भी, कमाण्डर नेदुंगडी ने बड़े साहस और दृढ़ निश्चय से इस कार्रवाई की योजना बनाई और उसे पूरा किया। उनके द्वारा 'धरिणी' के कुशल संचालन और चतुर नेतृत्व के अभाव में, 'मारिविकी' के कर्मी वहीं समाप्त हो जाते।

ऐसी भयानक स्थिति में इस अफसर ने जिस सूझबूझ और साहस का परिचय दिया, वह भारतीय नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल ही थीं।

2. लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर विद्या भूषण।

लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर विद्या भूषण भारतीय नौसेना के जहाज 'मगर' की कमान कर रहे थे। यह जहाज लगभग 1,600 टन मिट्टी हटाने और जंगल साफ़ करने की भारी मशीनें भारत की मुख्यभूमि से अन्डमान-द्वीपसमूह पहुंचाने के काम पर लगा था। 'मगर' के परिमाण जैसे जहाज़ को पुलिन पर लगाने का कार्य बहुत कठिन है और यह कार्य और भी कठिन था क्योंकि 'मगर' बहुत ही पुराना जहाज़ था।

ढालों, रुकावटों आदि का पता लगाने के लिए पुलिन-सर्वेक्षण तथा प्रारम्भिक टोह कार्य कराने सम्भव न थे। लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर भूषण ने परिस्थिति को बड़ी कुशलता से संभाला। स्थानीय और काम चलाऊ साधनों का उपयोग करके और जानबूझ कर खतरा उठा कर, कठिन नौ-चालन परिस्थितियों में भी उन्होंने जहाज़ को सही-सलामत, ठीक समय पर पुलिन पर लगा दिया।

लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर विद्या भूषण के प्रेरक नेतृत्व में, जहाज़ की कर्मी-टोली ने भारतीय नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल आचरण किया और इस कठिन काम को किसी व्यक्ति के बिना हताहत हुए अथवा दुर्घटना के पूरा कर दिखाया।

3. लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर हरबर्ट सोन्स।

22 जुलाई 1965 को लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर हरबर्ट सोन्स भारतीय नौसेना के जहाज़ 'धरिणी' के ऐक्ज़ीक्यूटिव अफसर थे, जब कि 'धरिणी' को एस०एस० मारिविकी को बचाने के लिए भेजा गया था जो गोआ से 20 मील पर टूट गया था। मौसम तूफानी था, समुन्द्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रहीं थी और मानसूनी धुआंधार वर्षा हो रही थी।

लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर सोन्स उस नाव के प्रभार-अफसर थे जो 'धरिणी' से एस०एस० मारिविकी के ध्वंसावशेष के पास भेजी गई थी। वह अपनी नाव के कर्मियों को समुन्द्र की ऊंची-ऊंची लहरों और तूफानी हवा की चुनौती का डट कर सामना करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। वे कर्मी भी उनके नेतृत्व में लगभग चार घंटे तक चप्पू चलाते रहे। थक कर चूर हो जाने पर भी, उन्होंने बचाने की कार्रवाई तब तक जारी रखी जब तक कि एस०एस० मारिविकी से अन्तिम व्यक्ति सुरक्षित रूप से भारतीय नौसेना के जहाज़ 'धरिणी' पर नहीं पहुंच गया। इन कठिन परिस्थितियों में भी, उन्होंने कई चक्कर लगा कर 27 व्यक्तियों को बचा लिया।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर हरबर्ट सोन्स ने भारतीय नौसेना के सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल दृढ़ निश्चय, नेतृत्वशक्ति और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया है।

4. सब-लेफ्टिनेन्ट (एस डी) (टी ए एस) अनन्त राम।

सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम ने 1961 से राष्ट्रीय प्रायोजनाओं तथा नौसेना कार्यों में गोताखोरी से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सितम्बर 1964 में जब बाम्बे फ्लाइंग क्लब का एक पाईपर कब वायुयान बम्बई से अहमदाबाद जाते समय ध्वस्त हो गया तो सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम को एक गोताखोर टुकड़ी के साथ उसे खोजने के लिए भेजा गया। रूक्ष समुन्द्र, तेज धारा तथा अत्याधिक गहरा पानी होने के बावजूद सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम ने वायुयान के खोजने का निश्चय किया और उन्होंने उस समय तक खोज जारी रखी जब तक कि यह नहीं तय किया गया कि इसे समाप्त किया जाय क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि वायुयान गहरे दल-दल में डूब गया था।

नवम्बर 1964 में गुजरात विद्युत बोर्ड की प्रार्थना पर सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम ने एक गोताखोर टुकड़ी के साथ माही नदी से एक स्टील काफर-डैम को निकालने का कार्य किया जो खैरा जिले में स्थित नए विद्युत घर के पम्प घर में नदी के पानी को जाने से रोक रहा था। नदी में लगातार मिट्टी के कटाव, बाढ़ तथा मटमैले पानी की वजह से अंधेरे के कारण कार्य अत्याधिक कठिन तथा जोखिम का हो गया। इन सब जोखिमों के बावजूद सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम ने आधार से 8 फिट नीचे काफर-डैम के काटने की संक्रिया में अपनी टुकड़ी का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में सब-लेफ्टिनेन्ट अनन्त राम ने उदाहरणीय साहस, व्यवसायिक कुशलता तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो भारतीय नौसेना की उच्च परम्पराओं के अनकूल थीं।

5. पेटी अफसर दसारि नरसिंह राव रेड्डी,

इंजीनियरिंग मैकेनिक, ओ० नं० 44992।

5 जून, 1965 को, जब पेटी अफसर दसारि नरसिंह राव रेड्डी भारतीय नौसेना के 'खुकरी' जहाज़ के आक्ज़ीलियरी बायलर की देखरेख की ड्यूटी पर थे, तब अचानक बायलर में प्रति-विस्फोट

हुआ और उसकी लपट से काफ़ी आग लग गई। पेटी-अफसर रेड्डी अपनी जगह से न हिले, हालांकि उनका चेहरा और हाथ झुलस गए थे। अपने प्रोणों को हथेली पर रख कर, वह तेजी से फैलती लपटों से जूझते रहे। यदि उस समय बायलर फट जाता तो अत्यधिक गर्म भाप में झुलस कर रह जाते, पर उन्होंने इस खतरे की भी कोई चिन्ता न की।

झुलस जाने पर भी पेटी-अफसर रेड्डी अकेले ही, सहायता पहुंचने तक, लपटों को फैलने से रोकते रहे। इस प्रकार उन्होंने भयंकर विनाश को टाल दिया।

जिस साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय पेटी-अफसर दसारि नरसिंह राव रेड्डी ने दिया, वह भारतीय नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनकूल ही था।

6. पेटी-अफसर (यू डब्ल्यू आई) गोपालकृष्णन लक्ष्मण दास, ओ नं० 33453।

पेटी-अफसर गोपालकृष्णन लक्ष्मण दास अन्डेमान में नौसैनिक गैरिसन के गोतामार और विध्वंस सेक्शन के प्रभारी थे। पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह के चुने हुए स्थानों में से प्रवाल-जाल और पानी के भीतर दूसरी रुकावटों को साफ करने का काम इनके सेक्शन को सौंपा गया था। इस काम को करते समय चाथम टापू के पश्चिमी इलाके में पानी के भीतर जापानियों द्वारा बिछाई गई सुरंगें और बेफटे बम दिखाई पड़े। इनको सुरक्षित करने का एक ही तरीका था कि इन्हें एक-एक करके भिन्नी खाड़ी में ले जाया जाए और इनका विस्फोट कर दिया जाए।

पेटी-अफसर दास ने इस खतरनाक काम को स्वयं अपने हाथों में लिया। बम इतने खराब हो चके थे कि मामूली से झटके से भी बहुत विनाशकारी विस्फोट होने का खतरा था। लेकिन अपने संयमित साहस और बमों व सुरंगों की सफाई के ज्ञान से काम लेते हुए पेटी-अफसर दास ने यह कार्य बड़ी सफलता से पूरा किया और इस तरह एक संभावित खतरे को पास के गोदी के इलाके से दूर कर दिया।

पेटी-अफसर गोपालकृष्णन लक्ष्मण दास ने नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है।

7. लीडिंग सीमैन ईश्वर दत्त मिश्रा, ओ नं० 47445, (मरणोपरान्त)

लीडिंग सीमैन एक अनुभवी गोताखोर थे तथा उन्होंने अनेकों गोताखोरी की संक्रियाओं में भाग लिया। 5 मई से 16 जून, 1964 तक वह उस गोताखोर टुकड़ी के सदस्य थे जिसने 70 फुट गहराई में हीराकुंड डैम के गेटों की मरम्मत का कार्य किया था। सितम्बर 1964 में वह उस टुकड़ी में थे जिसने सोनीपत में डूबी हुई नाव को निकाला था। अक्टूबर, 1964 से वह बसईधारा पुल, दिल्ली, पर डूबे हुए पुल को हटाने की संक्रिया में सम्मिलित थे। नवम्बर-दिसम्बर 1964 में उन्होंने हीराकुंड डैम पर चिपलीमा विद्युत घर पर एक फाउल गेट को साफ करने की संक्रिया में भाग लिया। 17 दिसम्बर 1964 को जब वह राउर-केला में 35 फुट गहराई पर गेट के एक छेद को भरने के लिए गोताखोरी में लगे हुए थे तो उनका पैर फंस गया जिसे वह पानी के तेज बहाव के कारण निकाल नहीं सके तथा उनकी मृत्यु हो गई।

लीडिंग सीमैन ईश्वरदत्त मिश्रा ने सदैव उदाहरणीय साहस, व्यवसायिक कुशलता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो कि भारतीय नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

8. एबल सीमैन कंस राज, ओ० नं० 67634।

22 जुलाई 1965 को एबल सीमैन कंस राज भारतीय नौसेना के धरिणी नामक जहाज के रुहेलर पर कोक्सस्वैन की ड्यूटी पर थे। तभी जहाज को आदेश दिया गया कि वह ग्रीक जहाज एस०एस० मारिविकी के कर्मीदल को बचाए जो चट्टानों से टकरा कर टूट गया था। उस समय समुद्र में तूफान था और ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही थीं और बड़ी तेज बारिश हो रही थी। कर्मीदल को बचाने के लिए चप्पुओं वाली नाव को मारिविकी के करीब ले जाना खतरनाक कार्य था। इस कार्य में खतरा यह था कि लहरें नाव को धकेल कर टूटे जहाज से न टकरा दें। ऐसा होने से नाव तो खत्म होती ही उसमें बैठे हुए व्यक्ति भी डूब जाते। लेकिन खतरे की परवाह न करते हुए एबल सीमैन कंस राज मारिविकी के पास अपनी नाव कई बार ले गया और उसके कर्मीदल के सभी 27 सदस्यों को बचा लिया।

कर्मीदल को बचाने का काम लगभग चार घण्टे तक चलता रहा और बेहद थकावट के बावजूद यह नाविक तूफान और ऊंची लहरों से लड़ता रहा और जब तक टूटे हुए जहाज से अन्तिम व्यक्ति को न बचा लाया, उसने दम नहीं लिया।

एबल सीमैन कंस राज ने नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल कुशलता और साहस का परिचय दिया।

9. सब-लेफ्टिनेन्ट टी० अप्पूकुट्टन, आई एन वी आर।

10. एल ई एम अरि० दलीप सिंह बलहारन, ओ० नं० 49371।

11. एल एम ई० आई एच नहघर, ओ० न० 66125।

12. एस ए० नारायन चन्द्र सरकार, ओ० नं० 80984।

13. एबल सीमैन दया नन्द, ओ०न० 87857।

14. एबल सीमैन राम सरन सिंह, ओ० नं० 86482।

25 दिसम्बर 1964 को आई एन एस शारदा धनुष कोडी में ज्वार-भाटीय तरंगों के आने के कारण फंसे हुए व्यक्तियों को निकालने की संक्रिया में लगा हुआ था। सब-लेफ्टिनेन्ट टी० अप्पू-कुट्टन ने, जो आई एन एस शारदा के कार्यकारी अधिकारी थे, संचार व्यवस्था स्थापित करने के लिए कठिन प्रतिकूल मौसम के होने पर भी सेलरों की एक पार्टी का अग्रमन करने के लिए अपने को अर्पित किया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करके-सब-लेफ्टिनेन्ट अप्पूकुट्टन तथा अन्य सेलरों ने काफी समय तक अथिक परिश्रम कर करीब 1500 आदमी बचाए।

इस कार्यवाही में सब-लेफ्टिनेन्ट टी० अप्पूकुट्टन तथा उनकी पार्टी के अन्य सेलरों ने साहस, दृढ़निश्चय तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो कि भारतीय नौसेना की उच्च परम्परा के अनुरूप थे।

15. स्टीवर्ड करतार सिंह, ओ० न० 80276।

27 फरवरी 1964 को आई एन एस अक्षर अन्डेमान में कसूरीना की खाड़ी में लंगर डाले था। एक टोह टुकड़ी जहाज से उतर कर एक नाव पर कसूरीना खाड़ी के किनारों की टोह करने के लिए गई। टोह-कार्य के पूर्ण होने पर टुकड़ी ने नाव को चलाने का तीन बार प्रयत्न किया किन्तु भारी समुद्री झाग की दलदल में फंसने के कारण वे ऐसा न कर सके। एक दूसरी नाव को एक बचाव टुकड़ी के साथ भेजा जिसके स्टीवर्ड करतार सिंह एक सदस्य थे। नाव को किनारे से दूर रुकना था जहां पर समुद्री उपद्रव कम हो। बाकी रास्ते में भारी समुद्र-फेन 5 से 7 फुट की ऊंचाई लिए हुए था। इन परिस्थितियों के बावजूद करतार सिंह ने एक रस्सी के साथ किनारे तक तैर कर जाने के लिए अपने को अर्पित किया। वह किनारे पर, जहां प्रथम नाव थी, सुरक्षित पहुंच गया तथा रस्सी से नाव को बांधने का कार्य किया। चूंकि वहां पर दूसरी रस्सी नहीं थी करतार सिंह नाव के साथ वापस आने के बाद रस्सी को दोबारा आदमियों को निकालने के लिए ले गए। इसके बाद रस्सी के सहारे अन्य आदमी दूसरी नाव पर आ गए। उनमें से एक के पेट में पानी भर जाने के कारण रस्सी के सहारे भी नहीं आ सकता था। अपनी रक्षा की परवाह किये बिना करतार सिंह तैर कर गए और समुद्रफेन में से उसे बाहर निकाला और नाव तक ले आए।

इस कार्यवाही में स्टीवर्ड करतार सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो भारतीय नौसेना की उच्च परम्परा के अनुरूप है ।

16. टेलीग्राफ़िस्ट गोताखोर III मदन गोपाल संदल, ओ० नं० 47655 ।

3 मई 1965 से 3 जून 1965 के दौरान, तुंगभद्रा बांध पर काम में लगे नौसैनिक गोताखोरों में टेलीग्राफिस्ट गोताखोर मदन गोपाल संदल भी थे । उन्हें पनबिजली योजना के पैनस्टाक दरवाजों को पानी में उतर कर वेल्ड करने का काम सौंपा गया । काम बड़ा पेचीदा और जरूरी था और इसके लिए काफी देर तक पानी के भीतर रहना पड़ता था । उन्हें एक आदमी के बोझ वाली पूरी गोताखोर पोशाक पहन कर एक सीढ़ी से दिन में कई बार नीचे उतरना और ऊपर चढ़ना था । पानी के भीतर थका देने वाले काम को अद्वितीय सहनशक्ति से पूरा करके वे अपने को संभालते हुए ऊपर आए । भारी थकावट के बावजूद टेलीग्राफिस्ट संदल बिना विश्राम के लगातार काम करते रहे और अंत में सफलता से काम पूरा कर डाला । उनके ऐसा करने से बिजली की सप्लाई अनुमानित समय से पहले शुरू की जा सकी ।

इसके बाद टेलीग्राफिस्ट संदल को तुंगभद्रा डैम की ऊपरी नहर के नाली दरवाजे हटाने का काम दिया गया । नहर में 3 से 4 फुट तक ऊंची लहरों के कारण कार्य बहुत कठिन था । लेकिन खतरों की परवाह न करते हुए टेलीग्राफिस्ट संदल ने दृढ़ निश्चय के साथ काम पूरा किया । एक दरवाजे को हटाने में औसतन चार दिन लगते हैं लेकिन उनकी हिम्मत के कारण एक दिन में एक दरवाजे के हिसाब से सब दरवाजे हटाए जा सके ।

इन गोताखोर कार्रवाहियों में टेलीग्राफिस्ट मदन गोपाल संदल ने नौसेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुकूल अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

सं० 24-प्रेज़/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया में वीरता के लिए "वीर चक्र' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

स्क्वाड्रन लीडर इन्दर जीत सिंह परमार (4835), जनरल ड्यूटीज़ (पायलट)

पुरस्कार की प्रभावी तिथि 14 सितम्बर 1965

पाकिस्तान के विरुद्ध लड़ाई में स्क्वाड्रन लीडर इन्दर जीत सिंह परमार ने सोलह संक्रियात्मक उड़ानें कीं । इनमें से सात उड़ाने काफी नीची थीं और शत्रु के जमाव क्षेत्रों पर टोह के लिए की गई थीं । इन उड़ानों को पूरा करते समय, उन्हें अपना हवाई जहाज पूरी उड़ान-परिधि तक उड़ाना पड़ा और अक्सर शत्रु की विमान-भेदी तोपों और मझोली मशीन गनों की गोलीबारी का सामना करना पड़ा । इनमें से एक उड़ान के दौरान उन्होंने जमीन पर खड़े शत्रु के एक हैली कोप्टर को भारी क्षति पहुंचायी । उन्होंने रात में नौ हवाई गश्तें भी कीं । 14 सितम्बर 1965 की रात को उन्होंने लगातार चार लड़ाकू उड़ाने कीं, हालांकि तीसरे पहर ही वे एक सामरिक टोह उड़ान कर चुके थे । अकेले ही उन्होंने सफलता से शत्रु के बममारों को रोका और हमारे हवाई अड्डे तथा महत्वपूर्ण राडार संयत्रों पर बमबारी करने के शत्रु के इरादों को नाकाम बना दिया । दो बार उन्होंने शत्रु के बममारों को उनके बम गिराने से पहले ही पीछा करके भगा दिया ।

इन कार्यवाहियों में स्क्वाड्रन लीडर इन्दर जीत सिंह परमार ने प्रशंसनीय साहस और अद्वितीय उड़ान-कुशलता का परिचय दिया ।

सं० 25-प्रेज़/66—राष्ट्रपति जी निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिए अशोक चक्र 'तृतीय श्रेणी' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. लेफ्टिनेन्ट श्यामरतन वर्मा आई० एन० ।

पुरस्कार की प्रभावी तिथि 14 फरवरी 1965

14 फरवरी 1965 को गोआ हवाई अड्डे पर, नौसेना के सीहाक विमान में सवार लेफ्टिनेन्ट श्यामरतन वर्मा विमान को डेक पर उतारने का नकली-अभ्यास कर रहे थे । तभी विमान के पिछले हिस्से में आग लग गई और विमान में विस्फोट हो गया । इसके साथ ही, विमान के नियन्त्रण करने के यन्त्र बहुत भारी हो गए और हवाई अड्डे के साथ विमान का सम्बन्ध टूट गया । विमान के आकाश में ही फटने या टूट कर गिर जाने का खतरा पैदा हो गया था । इस खतरे को जान कर भी, लेफ्टिनेन्ट वर्मा ने विमान नहीं छोड़ा । ठंडे दिमाग और महान कुशलता से वह विमान को हवाई अड्डे पर सही सलामत उतार लाए ।

2. 16635 फ्लाइट सार्जेन्ट वासुदेवन पल्लवराम, फिटर/आर्मरर ।

पुरस्कार की प्रभावी तिथि 15 सितम्बर 1965

15-16 सितम्बर 1965 की रात को एक हवाई अड्डे के धावन-पथ पर दो विमानों की दुर्घटना हो गई । इन विमानों की बम-कक्षिकाओं में फ्यूज-लगे बम लदे थे जिससे एक विमान में आग लग गई । इसके कारण कुछ बम फट गए, दूसरे धमाके के झटकों से बिखर गए और एक बम एक विमान के पंख में बहुत ही खतरनाक अवस्था में जा टिका । बिखरे हुए बम धावन-पथ के किनारे पर जा पड़े थे और जलते हुए सामान की गर्मी पहुंचने से, इनमें से एक बम बहुत ही खतरनाक हो चुका था । प्रायः ऐसी स्थिति में बमों को वहीं नष्ट कर दिया जाता है किन्तु अगर इस मामले में बम को वहीं नष्ट किया जाता तो बहुत अधिक हानि होती थी ।

खतरे की परवाह किए बिना, फ्लाइट सार्जेन्ट वासुदेवन पल्लवराम ने अपने आप आगे बढ़ कर बमों को सुरक्षित करने का काम संभाला और सफलतापूर्वक पूरा भी कर दिया । इसके बाद, उन्होंने विमान के पंख में टिके बम को भी वहां से हटा कर उसका फ्यूज निकाल दिया और उसे हानि रहित कर दिया ।

फ्लाइट सार्जेन्ट वासुदेवन ने, अपनी जान को भारी खतरे में डाल कर, अपनी इच्छा से एक खतरनाक काम खूबी से कर दिखाया । इस प्रकार उन्होंने विवेकपूर्ण उत्साह और कर्त्तव्य-निष्ठा का प्रदर्शन कर अपने सहयोगी वायुसैनिकों के लिए एक आदर्श उपस्थित किया ।

3. 48963 फ्लाइट सार्जेन्ट लिंगा राघवैया, फिटर/आर्मरर ।

परस्कार की प्रभावी तिथि 15 सितम्बर 1965

15-16 सितम्बर, 1965 की रात को एक हवाई अड्डे पर दो हवाई जहाजों की धावन-पथ पर ही दुर्घटना हो गई । उनकी बम-कक्षिका में फ्यूज़-लगे बम भरे हुए थे । दुर्घटना से एक हवाई जहाज में आग लग गई । कुछ बम फट गए और विस्फोट के धक्के से दूसरे बम बिखर गए । जिनमें से एक बम एक हवाई जहाज के विंग में जा कर खतरनाक तरीके से अड़ गया । बिखरे हुए बम धावन-पथ के किनारे-किनारे पड़े थे । इनमें से एक बम, जलते हुए हवाई जहाज की गर्मी से, फटने की खतरनाक स्थिति तक पहुंच चुका था । प्रायः इस स्थिति में बम को उसी जगह नष्ट कर दिया जाता है । लेकिन ऐसा करने से बहुत अधिक क्षति होती ।

खतरे की परवाह किए बिना फ्लाइट सार्जेन्ट लिंगा राघवैया ने बमों को सुरक्षित करने का काम स्वेच्छा से अपने हाथ में लिया और सफलता से पूरा किया । इसके बाद उन्होंने हवाई जहाज के विंग में फंसे बम को भी निकाला और उसका फ्यूज निकाल कर उसे हानि रहित कर दिया ।

ऐसे खतरनाक कार्य को सफलता से पूरा करने और अपनी जान को बड़े खतरे में डाल कर स्वेच्छा से काम सम्भालने में

फ्लाइट सार्जेन्ट लिंगा राघवैया ने संयमित साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और अपने साथी वायुसैनिकों के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया ।

दिनांक 5 फरवरी 1966

सं० 26-प्रेज/66—दिनांक 6 नवम्बर, 1965 के भारतीय राजपत्र के भाग 1, अनुभाग 1 में प्रकाशित इस सचिवालय के दिनांक 14 अगस्त 1965 की अधिसूचना सं० 88-प्रेज/65 के वाचन-पत्र के स्थान पर निम्न वाचन-पत्र साधारण सूचनार्थ पुनः प्रकाशित किया जाता है:—

